प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 11.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने झारखंड के विकास के लिए केंद्र के समक्ष रखीं वित्तीय मांगें, मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं को दस हजार रूपये की आर्थिक सहायता देने का किया आग्रह।
- दावोस में 19 जनवरी से होने वाली विश्व आर्थिक मंच की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखण्ड होगा शामिल, प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण विकास विषय पर रखेगा प्रस्ताव।
- झारखंड हाईकोर्ट ने सरकारी और प्रतिबंधित जमीनों के अवैध हस्तांतरण मामले में निलंबित आइएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे की जमानत याचिका खारिज की।
- मौसम विभाग ने आज रांची, गुमला और खूंटी में शीतलहर का जारी किया येलो अलर्ट।
- महिला हॉकी इंडिया लीग के दूसरे सीजन में दिल्ली एसजी पाईपर्स ने श्राची बंगाल टाईगर्स को 3–2 से हराकर खिताब पर किया कब्जा।

********************

नयी दिल्ली में केंद्र की बजट पूर्व चर्चा बैठक में कल झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने केंद्र के समक्ष राज्य के विकास के लिए सुझाव देते हुए वित्तीय मांगें रखीं। इस दौरान मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बिहार की तर्ज पर मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत झारखंड की महिलाओं को भी कुटिर उद्योग के लिए दस हजार रूपये की आर्थिक सहायता देने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने सामाजिक–आर्थिक पिछड़ापन दूर करने, खनन क्षेत्र में सामाजिक योगदान करने, स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, शिक्षा, पर्यटन और बुनियादी ढांचा को गति देने पर जोर दिया।

********************

विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में भारत के दस राज्यों के साथ पहली बार झारखण्ड भी हिस्सा लेगा। 19 से 23 जनवरी 2026 तक दावोस में होने वाली बैठक में झारखण्ड का नेतृत्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन करेंगे। झारखण्ड, प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण विकास के विषय के साथ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण, जैव–अर्थव्यवस्था और महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत करेगा।

********************

झारखंड हाईकोर्ट ने निलंबित आइ ए एस अधिकारी विनय कुमार चौबे की जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने माना कि विनय चौबे एक अत्यंत प्रभावशाली पद पर रहे हैं, ऐसे में जमानत मिलने पर वे गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं और सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं। गौरतलब है कि हजारीबाग के तत्कालीन उपायुक्त विनय चौबे पर एसीबी ने सरकारी और प्रतिबंधित जमीनों के अवैध हस्तांतरण का केस दर्ज किया था।

********************

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि देश के भविष्य को आकार देने में युवाओं की अहम भूमिका है। नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में श्री मांडविया ने कहा कि यह संवाद युवा नेतृत्व को प्रौद्योगिकी, उद्यमिता, शासन, सतत और सामाजिक विकास जैसे क्षेत्रों के समाधान के लिए प्रोत्साहित करेगा।

********************

राजधानी रांची में होने वाले गणतंत्र दिवस को लेकर उपायुक्त और एसएसपी ने कल समीक्षा बैठक की। उपायुक्त ने झांकियों का प्रदर्शन, परेड और अन्य व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी गंभीरता से चर्चा की गयी।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

********************

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा के कारण बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और मुद्दों का समाधान संभव हुआ है।

********************

विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग में दिशोम गुरु शिबू सोरेन व्याख्यान माला का शुभारंभ किया गया। मौके पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि दिशोम गुरु के जीवन और आंदोलन में महात्मा गांधी के छाप परिलक्षित होते हैं।

********************

चाईबासा के आईटीआई मैदान में आज आदिवासी हो समाज युवा महासभा की ओर से उपरूम–जुमूर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें झारखंड, ओड़िशा, बंगाल, छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से आदिवासी समाज के करीब 25 हजार लोगों के जुटान का अनुमान है।

********************

राजधानी रांची के जगन्नाथपुर क्षेत्र से लापता बच्चों अंश–अंशिका का सुराग अबतक नहीं मिला है। उनकी सकुशल वापसी के लिए आज संपूर्ण एचईसी औद्योगिक क्षेत्र में बंद बुलाया गया है।

********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में बर्फील हवाओं के कारण शीतलहर का असर जारी है। मौसम विभाग ने आज रांची, गुमला और खूंटी में शीतलहर चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। इधर 13 जनवरी से न्यूनतम तापमान में और कमी आने की संभावना है।

********************

रांची के जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम में महिला हॉकी इंडिया लीग के दूसरे सीजन में दिल्ली एसजी पाईपर्स ने कल फाइनल मुकाबले में श्राची बंगाल टाईगर को पेनाल्टी शूटआउट में 3–2 से हराकर खिताब जीत लिया।
वहीं पंजाब में खेली जा रही 69वीं राष्ट्रीय स्कूली गतका प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ी वेदांत भारद्वाज ने अंडर–19 बालक वर्ग में कांस्य पदक जीता है।

********************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने दिल्ली में बजट पूर्व बैठक में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की ओर से केंद्र के समक्ष वित्तीय मांगें रखने से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– झारखंड की महिलाओं को भी दस–दस हजार रूपये दे केंद्र।

प्रभात खबर की सुर्खी है– विनय चौबे के डीसी रहते हजारीबाग में हुआ पांच हजार एकड़ का जमीन घोटाला।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– झारखंड में रांची, गुमला और खूंटी में आज शीतलहर का येलो अलर्ट।

दैनिक जागरण लिखता है– झुंड से बिछड़ा हाथी एक सप्ताह से मचा रहा उत्पात, बचाव दल बेबस।

***************